JALAUN POLICE

दिनांक – 06.04.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास करने की घटना में प्रकाश में आये 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 03.04.2026 को वादी श्री जितेन्द्र सिह पुत्र अनिरूद्ध सिह निवासी खडगुई मुस्तकिल थाना सिरसाकलार जनपद जालौन द्वारा थाना सिरसाकलार में तहरीरी सूचना दी गयी कि वादी के चाचा अरविन्द उर्फ किशन जी के द्वारा गाँव के अन्य व्यक्ति के साथ पेट्रोल पम्प से डीजल लेने जाते समय रास्ते में जूनियर हाईस्कूल के पास खडे अभियुक्तगण 1.मौसम भदौरिया पुत्र प्रदीप भदौरिया 2.राहुल पुत्र राघवेन्द्र भदौरिया निवासी गण ग्राम दमरास थाना सिरसाकलार जिला जालौन 3.राघव गुर्जर पुत्र अज्ञात निवासी अटरा कला थाना चुर्खी 4. अनुरूद्ध पाल पुत्र अज्ञात निवासी विनोरा वैद थाना चुर्खी के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी के चाचा के साथ लाठी डण्डो से मारपीट कर अधमरा कर दिया व जान से मारने की नियत से उनके ऊपर कार चढा दी है। जिसके संबन्ध में थाना सिरसाकलार पर मु0अ0सं0- 34/2026 धारा 115(2)/ 351(2)/ 352/ 3(5)/ 109/ 191(2) बीएनएस बनाम मौसम भदौरिया आदि 05 व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृत हुआ था।

दिनांक 06.04.2026 को थाना सिरसाकलार पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चैकिंग के दौरान उपरोक्त मु0अ0सं0- 34/2026 में प्रकाश में आये 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। पूर्व में भी दिनांक 04.04.2026 को घटना में वान्छित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया जा चुका है।

अभियुक्त का विवरण-

1. निखिल उर्फ अंकित कुमार पुत्र जागेश्वर दयाल दोहरे उम्र 32 वर्ष निवासी कस्बा व थाना सिरसाकलार जनपद जालौन।
2. मोहित पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम दौनापुर थाना कुठौद जनपद जालौन उम्र 28 वर्ष

अभियुक्त निखिल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास -

1.मु0अ0स0- 34/26 धारा 115(2)/351(2)/352/3(5)/109/191(2)BNS थाना सिरसाकलार।

अभियुक्त मोहित उपरोक्त का आपराधिक इतिहास -

1.मु0अ0स0- 34/26 धारा 115(2)/351(2)/352/3(5)/109/191(2)BNS थाना सिरसाकलार।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष सिरसाकलार मय पुलिस टीम।